कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01.03.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

मानव कल्याण में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका है : डॉ. मोहन कुमार

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयाजन किया गया जिसका समापन समारोह दिनांक 28 फरवरी 2023 को हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. मोहन कुमार गुप्ता, प्राचार्य, बी.आई.टी. दुर्ग एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती, सहायक प्राध्यापक, विभागाघ्यक्ष मैनेजमेन्ट थे।

समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. मोहन कुमार गुप्ता ने कहा कि वैश्विक कल्याण के लिये वैश्विक स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक है। जिसके लिये वैज्ञानिक जागरूकता अभियान चालाया जाना चाहिये जिससे हम कुरूतियों एवं अंधविश्वास से मुक्त हो पायेंगे।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती ने कहा कि उच्च शिक्षा में नवाचार और रचनात्मकता की जरूरत है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व के संदेश को फैलाना है मानव कल्याण के लिए विज्ञान की सभी गतिविधियों, किए जा रहे कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करना भी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उद्देश्यों में शामिल हैं।

इस अवसर पर आयोजित तात्कालिक निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु. भौमिका साहू, द्वितीय स्थान पर कु. आकांक्षा तारम एवं तृतीय स्थान पर कु. तुलसी निषाद रही।

पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजित की गई जिसमें प्रथम कु. दीपाली चौधरी, द्वितीय स्थान पर कु. भौमिका साहू एवं तृतीय स्थान पर कु. पूर्णिमा बंजारे रहीं। क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें टीम–ए– प्रथम स्थान, टीम–बी द्वितीय स्थान एवं टीम–सी तृतीय स्थान पर रहे।

पावर प्वाईन्ट प्रजेन्टेशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु. राधिका देवांगन, द्वितीय स्थान पर कु. पुष्पांजली एवं तृतीय स्थान पर कु. दीपाली चौधरी रही।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापकों का योगदान सराहनीय रहा।

सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मीरा गुप्ता रहीं एवं कार्यक्रम का संचालन कु. पिन्टी देवी तथा आभार प्रदर्शन श्री उत्तम देशमुख ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

मानव कल्याण में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका है : डॉ. मोहन कुमार

C:\Users\My-pc\Desktop\National Science day 28022023\press vigyapti